महत्वपूर्ण एवं खास

अनियंत्रित चलती ट्रेलर से चालक-परिचालक कूदे, चालक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कोयला लोड करने जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे जंगल में जा घुसा। जान बचाने चालक व परिचालक ट्रक से कूद पड़े, पर गंभीर रूप से चोट लगने पर चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बांकीमोंगरा थाना अतंर्गत पंखादफाई में बुधवार की सुबह घटना घटित हुई। बताया जा रहा है कि पंखादफाई में ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 1405 को लेकर चालक पवन मानिकपुरी 35 वर्ष निवासी बांकीमोंगरा से कुसमुंडा खदान कोयला लोड करने के लिए जा रहा था। वाहन की रफ्तार काफी तेज थी, इससे चालक से वाहन अनियंत्रित हो गया और सडक़ किनारे उतरते हुए तीन- चार पेड़ से टकरा जंगल में घुस गया। इस दौरान चालक व परिचालक दोनों अपनी जान बचाने के लिए ट्रेलर से कूद पड़े, पर चालक को गंभीर रूप से चोट लगी। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की टीम स्थल पर पहुंची और चालक व परिचालक को उपचार के लिए कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। जहां उपचार के दौरान चालक की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल परिचालक का इलाज किया जा रहा है। मामले में बांकीमोंगरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

परसाखोला पिकनिक स्पाट में पानी में डूबने से किशोर की मौत

कोरबा (आरएनएस)। पिकनिक स्पाट परसाखोला में पानी में डूबने से एक किशोर की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने पानी से शव बाहर निकाला। बालको थाना अंतर्गत परसाखोला पिकनिक स्पाट में बुधवार को सुबह मोनीष महंत 17 साल और उसके कुछ दोस्त पिकनिक मनाने गए थे। अपने दो दोस्तों के साथ मोनीष नहाने के लिए वाटरफाल के पास गया, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। मोनीष के साथ उसके बाकी दोस्तों को भी तैरना नहीं आता था। इसलिए पानी में जाने की किसी की हिम्मत नही हुई। दोस्तों की चीख पुकार सुन कर कुछ ग्रामीण घटनास्थल के पास पहुंचे और पानी में उतर कर मोनीष की तलाश की। काफी समय बाद आखिरकार स्थानीय लोगों ने मोनीष के शव को पानी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम भी स्थल पर पहुंच गई। बालको थाना प्रभारी अभिनव कांत ने बताया कि 112 की टीम ने इसकी सूचना बालको थाना पुलिस को दी। मृतक के स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर रही है। मोनीष के निधन से घर में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।

गलती से चली गोली, डीआरजी जवान की मौत

दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)। दंतेवाड़ा-नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी दंतेवाड़ा के 1 जवान की मौत हो गयी, जबकि 1 जवान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के, थाना बारसूर क्षेत्रान्तर्गत हांदावाडा, हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर दिनांक 24 अप्रैल को दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान में निकली थी। इसी दौरान नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान रात लगभग 1100 बजें दुर्घटनावश गोली चलनसे डीआरजी दंतेवाड़ा के आरक्षक जोगराज कर्मा व आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। रेस्क्यू के दौरान एक घायल आरक्षक जोगराज कर्मा की अत्याधिक रक्त स्त्राव हो जाने से मृत्यु हो गई एवं घायल आरक्षक परसूराम अलामी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज हेतु एयरलिफ्ट कर रायपुर रवाना किया गया।

यात्री बस की आमने-सामने हुई टक्कर दो घंटे फंसा रहा बस चालक

❐ -औरझरिया मोड़ के पास हुआ हादसा

बलरामपुर-रायपुर। आरएनएस

बलरामपुर बुधवार के रात्रि 8 बजे के करीब यात्री बस राष्ट्रीय राजमार्ग 343 से होकर रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही क्लिंकर लोड ट्रक से औरझरिया मोड़ के समीप टक्कर हो गई, जिससे बस सवार करीब एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटे आई। वही ट्रक ड्राइवर केबिन में फस गया, जिसे 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। घटना के बाद पूरी रात जाम की स्थिति बनी रही। आवागमन सुचारू रूप से गुरुवार के सुबह ही किया जा सका घटना की सूचना पर यातायात पुलिस एवं बलरामपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रॉयल बस रामानुजगंज की ओर से रायपुर की ओर जा रही थी इसी दौरान रात्रि 8 बजे के करीब औरझरिया मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक से टक्कर हो गई जिससे बस सवार एक दर्जन से अधिक लोगों को मामूली चोटे आई वहीं ट्रक ड्राइवर का पैर क्लच में फस गया था वही वह केबिन में दब गया जिसे 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका ट्रक ड्राइवर का नाम अरविंद ठाकुर पिता अजय ठाकुर उम्र 25 वर्ष थाना सकरी जिला बिलासपुर का बताया जा रहा है। सूचना पर तत्काल यातायात पुलिस एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची बस एवं ट्रक के सडक़ पर टक्कर होने का पूरी रात जाम की स्थिति राष्ट्रीय राज्य मार्ग में बनी रही गुरुवार के सुबह 5 बजे के बाद ही यातायात सुचारू हो सका। बस ड्राइवर के सूझबूझ से बड़ी घटना होते होते टली..... ट्रक से बस की टक्कर हुई उससे पहले क्लिंकर लोड ट्रक ने दो बस एवं दो ट्रक से भी टक्कर होते होते रह गया ट्रक दो बस एवं दो ट्रक को रगड़ते औरझरिया के पास आकर यात्री बस में टक्कर मार दि। बस ड्राइवर के सूझबूझ से बड़ी घटना होते-होते टली। अधिक ट्रिप के चक्कर में चलते हैं ओवरलोड एवं तेज रफ्तार.... क्लिंकर एवं गिट्टी लोड ट्रक अधिक ट्रिप के चक्कर में ओवरलोड तो रहती ही है वहीं तेज रफ्तार भी चलती है। अधिक ट्रिप करने पर ट्रक ड्राइवरो को अतिरिक्त आमदनी होती है। जिस कारण में ओवरलोड होकर तेज रफ्तार में चलती है जो दुर्घटना का कारण बन रही है।

नशेड़ी आरक्षक ने बाइकर्स को मारी ठोकर, मौके पर हुआ बवाल

कोरबा। आरएनएस

नशे की स्थिति में ड्राइव करने वाले चालकों पर पुलिस मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत लगातार कार्रवाई कर रही है। ऐसे मामलों में अधिकतम 10 हजार तक की पेनाल्टी का प्रावधान है। इसके उल्टे नशे की स्थिति में कार सवार आरक्षक ने बाइकर्स को ठोक दिया। इसे लेकर टीपी नगर चैराहे पर काफी देर तक बवाल हुआ। अधिकारियों तक यह बात पहुंची है। घटना को अंजाम देने वाले पुलिस आरक्षक का नाम चंदन यादव है। बताया गया है कि वह कोरबा जिले में पदस्थ है। पिछली रात्रि को चांपा क्षेत्र में वैवाहिक समारोह में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद आरामशीन पथरींपारा निवासी सुनील दास महंत बाइक से लौट रहा था। ट्रांसपोर्ट नगर चैराहे के पास पुलिस कर्मी ने गलत तरीके से वाहन चलाते हुए बाइकर्स को ठोक दिया। इस घटना में सुनील के माथे पर चोट आई। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग यहां इकठ्ठे हो गए। इस दौरान जमकर विवाद हुआ। कार सवार पुलिस कर्मी के शराब के नशे में होने का पता चलने पर लोगों को इस मामले में विशेष रूचि हुई और उन्होंने जमकर खबर ली। यहां लोगों ने सवाल किया कि सामान्य लोगों के प्रकरणों में पेनाल्टी की जाती है तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं होना चाहिए। लोगों के दावे के जवाब में पुलिस कर्मी ने यह मानने से इंकार कर दिया कि वह नशे में नहीं है और सही स्थिति की जानकारी डॉक्टर दे सकेगा। काफी देर तक बवाल जारी रहने के बाद सीएसईबी पुलिस को भी इसकी जानकारी थी। बाद में दखल देने पर यह मामला शांत हुआ। पीडित ने कहा है कि उसे और बाइक को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई आरक्षक को करनी होगी अन्यथा वह अगली कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है।

लोकसभा चुनाव में बांटने लाए पैसे जब्त, दो प्रकरण में 173287 रूपए जब्त

राजनांदगांव। आरएनएस

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में कांग्रेस पक्ष में वोट डलवाने हेतु वाहन में पैसा परिवहन होने की सूचना पर एफएसटी दल क्रमांक- 04 विधानसभा क्षेत्र क्र0- 74 डोंगरगढ़ के दल प्रभारी संजय बोपचे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कार्यपालिक मजिस्टेऊट) अपने टीम के साथ एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी द्वारा मौके पर शिवाजी होटल के पास पंहूच कर वाहन क्रमांक- सीजी 08/5712 को रोककर चेक करने पर वाहन में कुल 06 नग लिफाफा पाया गया उक्त लिफाफा में प्रत्येक में 10000-10000 रूपये भरा हुआ कुल रकम 60000/-रू0 मिला चालक सोनुराम साहू ग्राम ढाबा पोस्ट टप्पा तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव एवं उसके साथ बैठे बिसम्बर ग्राम तिलईरवार पोस्ट टप्पा तहसील डोंगरगांव द्वारा उक्त रकम को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोंट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बुथ कार्यकर्ताओं को बांटने आना बताने पर उक्त रकम को विधिवत बरामद किया गया है। इसी प्रकार सफारी वाहन क्रमांक सीजी 04 एचसी 8469 को चेक करने पर वाहन में कुल- 113287/-रू0 मिलने पर लोकेन्द्र सिंग पिता स्व0 आर0एस0 सिंग उम्र- 52 साल, निवासी नेहरू नगर, थाना सुपेला जिला दुर्ग से पुछताछ करने पर उक्त रकम को राजनांदगंव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोंट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बुथ कार्यकर्ताओं को बांटने आना बताने पर उक्त रकम को विधिवत बरामद किया गया है एवं आज दिनांक को लोकेन्द्र सिंग द्वारा अपने पैसा को जप्त किये हो कहकर एफएसटी दल क्र0- 04 को पैसा वापस करने की धमकी देकर वाद-विवाद करने पर शांति भंग होने व संज्ञेय अपराध की घटित होने की अंदेशापर अनावेदक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

यदि एफएसटी एवं डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा समय पर चेककर उक्त रकम की जप्ती कार्यवाही नहीं की जाती तो अवश्य ही चुनाव को प्रभावित कर सकते थे।

जेल महानिदेशक ने किया जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण

❐ बंदियों हेतु अल्प अवधि स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु दिये निर्देश

दंतेवाड़ा। आरएनएस

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल दन्तेवाड़ा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24 अप्रैल 2024 को महानिदेशक, मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छ0ग0, राजेश मिश्रा (आई.पी.एस.), कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, द्वारा जिला जेल का संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल जगदलपुर आरआर राय एवं जेल अधीक्षक जी.एस.शोरी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जेल महानिदेशक द्वारा बंदी बैरकों, पाठशाला, जेल अस्पताल, स्कूल, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, पुस्तकालय, प्रिजन कॉलिंग सिस्टम, बंदियों को प्रदाय किये जा रहे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे अन्य सुविधाओं का जायजा लेकर बंदियों से भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन एवं बंदियों के प्रकरणों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी लिया गया। मौके पर उन्होंने कम्प्यूटर एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बंदियों से प्रशिक्षण एवं उपलब्ध कराये गये सुविधाओं के संबंध में पूछा। इसके अलावा उनके द्वारा सभी बंदियों से उनके प्रकरण की पैरवी करने के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति के संबंध में भी जानना चाहा। पुलिस महानिदेशक ने जेल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जेल में परिरुद्ध बंदियों हेतु अल्प अवधि वाले स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु कार्य योजना बनाकर प्रशिक्षण प्रदाय करें। इस निरीक्षण के दौरान विचाराधीन बंदी मोहम्मद कुर्बान, गतिकृष्ण पती, शिव कुजांम, गोलू नुनैर ने जेल महानिदेशक को अवगत कराया कि गवाहों के पेशी उपस्थित नही होने पर उनके प्रकरण के निराकरण में विलंब हो रहा है। इसपर जेल महानिदेशक द्वारा बंदियों से बातचीत कर उनके प्रकरणों, समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया गया। साथ ही उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जेल अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

हथियारबंद लोगों ने शराब दुकान से लूटा 30 लाख

कोरबा-पाली-रायपुर (आरएनएस)। जिले के सरहद क्षेत्र पाली थाना अंतर्गत बुधवार की देर रात हथियार के दम पर शराब दुकान में लूटपाट हो गई। पुलि ने अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और जगह-जगह पर की जाने वाली जांच और चेकिंग के बीच अज्ञात लुटेरों ने इस दुस्साहस को अंजाम दिया है। प्रारंभिक जानकारी मिली है कि पाली मुख्य बाजार से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित एवं नेशनल हाईवे से लगे हुए क्षेत्र में संचालित देशी शराब दुकान में रात 9 से 10 बजे के मध्य अज्ञात लोगों ने बंदूक की नोक पर करीब 30, 0000 (तीस लाख) शराब बिक्री की राशि लूट लिया है। वारदात के बाद लुटेरे वहां से भाग निकले। इसकी जानकारी होते ही पुलिस ने लुटेरों की धर पकड़ के लिए नाकाबंदी और सघन जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर पाली में सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग गया है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव को लेकर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती है। जगह-जगह नाकेबंदी की गई है। बावजूद इन सब के लुटेरों ने शराब दुकान में लूटपाट कर दी, यह सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

तीन गांव में गजदल ने किया धान की फसलों को चौपट

कोरबा। आरएनएस

वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में मौजूद 39 हाथियों के दो अलग-अलग दल ने रेंज अंतर्गत तीन गांव में भारी उत्पात मचाते हुए 10 ग्रामीणों के धान की रबी फसल को मटियामेट कर दिया। हाथियों के इस उत्पात से संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। गजदल द्वारा उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार कुदमुरा रेंज के कुदमुरा जंगल परिसर में 32 हाथियों का दल धरमजयगढ़ वनमंडल से आया हुआ है। इस दल में 6 नर, 12 मादा व 14 शावक शामिल बताए जा रहे हैं। दल क्षेत्र में आने के बाद दो दिन तक शांत रहा और जंगल ही जंगल विचरण करते हुए चचिया परिसर पहुंच गया था लेकिन बीती रात दल अचानक उग्र हुआ और उत्पात करने पर उतारू हो गया। हाथियों का दल तौलीपाली व बैगामार में ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की रबी फसल को बुरी तरह रौंद डाला जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

तौलीपाली व बैगामार में फसल रौंदने के बाद गजदल कुदमुरा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में पहुंचकर विश्राम करने लगा। जिसे आज सुबह ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है जहां 32 हाथियों का दल कुदमुरा के निकट पहुंच गया है वहीं एलोन क्षेत्र में मौजूद 7 हाथी बीती रात आगे का रास्ता तय करते हुए लबेद में दस्तक दे दिया। हाथियों के इस दल ने भी तीन ग्रामीणों के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्र में मौजूद हाथियों के दल में एक नर, 5 मादा व एक शावक शामिल है। दल लबेद में फसल रौंदने के बाद जंगल के कक्ष क्रमांक 1097 में पहुंचकर डेरा डाल दिया है।

हटा प्रतिबंध : साधराम हत्याकांड की जांच करेगी एनआईए

❐ राज्य में अब सीबीआई, एनआईए कर सकती है मामले की जांच

रायपुर। आरएनएस

छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्रीय गृह सचिव को कबीरधाम ज़िले में हुए साधराम हत्याकांड की जांच एनआईए से कराने के लिए औपचारिक मगर अनिवार्य आग्रह पत्र भेज दिया है। यह पत्र राज्य सरकार ने 24 अप्रैल को भेजा है।

ये है मामला : कबीरधाम ज़िले के लालपुर कला में 21 जनवरी की सुबह क़रीब साढ़े सात बजे साधराम यादव का शव बरामद हुआ था। साधराम का गला रेता गया था।पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अयाज़ खान, इदरिस खान, सोफियान क़ुरैशी, अब्दुल मेहताब खान, शेख रफ़ीक और एक नाबालिग को हत्या के आरोप में गिरफ़्तार किया। पुलिस जब आरोपियों से हत्या की वजह को समझने की क़वायद कर रही थी तब आरोपियों के मोबाइल से कश्मीर से जुड़े संदिग्ध नंबर बरामद हुए। पुलिस ने विवेचना में यह पाया कि, आरोपियों की आवाजाही कश्मीर में भी थी।

कबीरधाम पुलिस,इस मामले में पूछताछ और अन्य तथ्यों के आधार पर हत्या को लेकर इस निष्कर्ष पर आई है कि,यह मसला अयोध्या में राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़ा हुआ था। कबीरधाम एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने घटना को लेकर बताया -22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी थी, साधराम की गला रेत कर हत्या हिंदु समुदाय के लोगों को भयभीत करने के लिए और आस्था को तोडऩे के लिए की गई थी। 20-21 अप्रैल की दरमियानी हुई हत्या के मामले में कबीरधाम पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल तथा अन्य अभिलेखों की जाँच के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि में कथित आतंकी और अतिवादी मुस्लिम संगठनों की संलिप्तता को देखते हुए इस मामले में 17 फ़रवरी को यूएपीए की धारा 16 जोड़ दी।यूएपीए की यह धारा जुड़ते ही संकेत साफ़ हो गए थे कि, देर सबेर इस मामले में एनआईए की एंट्री होगी।

साधराम यादव हत्याकांड से आक्रोशित परिजनों की सीएम साय से मुलाक़ात क्षेत्रीय विधायक और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कराई थी। सीएम विष्णु देव ने परिजनों की माँग पर एनआईए से जाँच कराने का आश्वासन दिया था। सीएम साय ने 28 फ़रवरी को एनआईए से जाँच कराए जाने का एलान किया था। इस घोषणा के परिपालन में राज्य सरकार ने 24 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्रालय को एनआईए जाँच के लिए आग्रह पत्र भेज दिया है।

जिले में संगवारी, दिव्यांग और युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित 48 मतदान केन्द्र स्थापित

कांकेर। आरएनएस

लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र कांकेर-11 के लिए 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान सम्पन्न होगा। भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें संगवारी, दिव्यांग और युवा प्रबंधित कुल 48 बूथ शामिल हैं। इनमें विधानसभावार कुल 30 संगवारी मतदान केन्द्र, 03 दिव्यांग और 15 युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बताया कि 79-अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सडक़पारा बड़ेकापसी, प्राथमिक शाला सोहगांव, प्राथमिक शाला रामकृष्णपुर पीव्ही-25, प्राथमिक शाला मिक्सफार्म, प्राथमिक शाला भवन कलगांव, प्राथमिक शाला भवन पोण्डगांव, प्राथमिक शाला भवन नयापारा अंतागढ़ कक्ष क्रमांक-1, कन्या माध्यमिक शाला अंतागढ़ और प्राथमिक शाला भवन हिमोड़ा को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।

इसी प्रकार 80-भानुप्रतापपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन धनगुड़रा, प्राथमिक शाला पांडरपुरी, प्राथमिक शाला सलिहापारा भानुप्रतापपुर कक्ष क्रमांक-1, माध्यमिक शाला मुल्ला, माध्यमिक शाला खुटगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटकोंदल, प्राथमिक शाला रामपुर, शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल चारामा कक्ष क्रमांक-2, प्राथमिक शाला बाबूकोहका और प्राथमिक शाला भुंईगांव। इसी तरह 81-कांकेर विधानसभा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला कन्हारपुरी कक्ष क्रमांक-1, प्राथमिक शाला रोडे, प्राथमिक शाला कुलगांव, प्राथमिक शाला गढ़पिछवाड़ी, प्राथमिक शाला टिकरापारा, प्राथमिक शाला पांडरवाही, संकुल स्त्रोत केन्द्र नंदनमारा, प्राथमिक शाला बरदेभाटा कक्ष क्रमांक-2, प्राथमिक शाला पुसवाड़ा और प्राथमिक शाला दसपुर को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।

इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित एक-एक मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें अंतागढ़ में शासकीय प्राथमिक शाला चितरंजन नगर, भानुप्रतापपुर के हाई स्कूल चिनौरी और कांकेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शाला गौरगांव सम्मिलित हैं। इसके अलावा युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र भी तैयार किए गए हैं। इनमें विधानसभा अंतागढ-79 अंतर्गत हाई स्कूल पीव्ही-5 विवेकानंदनगर, माध्यमिक शाला ऐसेबेड़ा, प्राथमिक शाला भवन फुरफुंदी, प्राथमिक शाला भवन तालाबेड़ा, प्राथमिक शाला भवन बोंदानार तथा भानुप्रतापपुर-80 अंतर्गत माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला संबलपुर, माध्यमिक शाला कोरर, माध्यमिक शाला भवन माहुद और प्राथमिक शाला भवन गितपहर तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र-81 अंतर्गत प्राथमिक शाला नवागांव भावगीर, प्राथमिक शाला चिवरांज, प्राथमिक शाला साल्हेभाट, माध्यमिक शाला गोविंदपुर कक्ष क्रमांक-2 और प्राथमिक शाला मुड़पार दखनी शामिल हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU